ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शुक्रवार 14 नवम्बर 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 199

बिहार चुनाव की जीत का जश्न दिल्ली में: मोदी गमछा लहराते हुए भाजपा मुख्यालय पहुंचे; कहा- बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया



24 न्यूज अपडेट

पीएम मोदी ने शुक्रवार शाम को बिहार में एनडीए की जीत पर कहा कि बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया। अब कट्टा सरकार कभी वापस नहीं आएगी। उन्होंने छठी मईया के जयकारे भी लगाए।

वे शाम 6 बजकर 51 मिनट पर दिल्ली में पीएम भाजपा मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का गमछा लहराकर अभिवादन किया। इस दौरान सारे कार्यकर्ताओं ने भी गमछा लहराया। इस मौके पर सबसे पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जनता ने जंगलराज के खिलाफ को विकास चुना।

बिहार में NDA की सरकार बनी है। गठबंधन को 243 में 202 सीटों पर जीत हासिल हुई, जो रिकॉर्ड है। महागठबंधन के खाते सिर्फ 35 सीटें ही आईं। बिहार में सरकार बनाने के लिए 122 सीटों की जरूरत होती है।

NDA में भाजपा और JDU ने 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। अन्य सहयोगी पार्टियों LJP को 29 सीटें, HAM और RLM को 6-6 सीटें दी गई थीं। भाजपा ने 91 सीटों पर जीत हासिल की है। JDU 83, LJP 19, HAM और RLM की मिलाकर 9 सीटों हैं।

मोदी बोले- कांग्रेस-RJD ने छठी मईया से माफी नहीं मांगी

पीएम मोदी ने कहा- बिहार के लोगों की इसमें बहुत बड़ी भूमिका रही है। जिन लोगों ने दशकों तक शासन किया, उन्होंने बिहार को बदनाम किया, नव बिहार के गौरव का अपमान किया।

उन्होंने कभी यहां के लोगों की इज्जत नहीं की। जो लोग छठ पूजा को ड्रामा कह सकते हैं, वे बिहार की क्या इज्जत करेंगे। कांग्रेस और आरजेडी ने छठी मईया से माफी नहीं मांगी। बिहार की आन-बान-शान हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार छठ को यूनेस्को की हेरिटेज लिस्ट में शामिल कराने की कोशिश कर रही है। लक्ष्य है कि पूरी दुनिया इस संस्कृति से जुड़े।

PM बोले- आतंक के वे दिन अब इतिहास बन गए

मोदी ने कहा कि यह उन युवाओं की जीत है, जिनका करिअर खराब किया गया था। आतंक के वे दिन अब इतिहास बन गए हैं। बिहार विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। यह यात्रा रुकने वाली नहीं है।

यह परिणाम उन विकास विरोधियों को जवाब है, जो कहते थे कि बिहार को एक्सप्रेस वे, हाईवे, इंडस्ट्री, ट्रेन या एयरपोर्ट नहीं चाहिए। यह परिणाम वंशवाद की राजनीति को विकासवाद का जवाब है।

8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के रिजल्ट: कांग्रेस ने राजस्थान में BJP से, तेलंगाना में BRS से सीट छीनी; AAP ने पंजाब की सीट बचाई



24 न्यूज अपडेट

देश के 7 राज्यों की 8 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे शुक्रवार को घोषित हुए। राजस्थान की अंता (बारां) सीट पर कांग्रेस के प्रमोद जैन और तेलंगाना की जुबली हिल्स से कांग्रेस के नवीन यादव को जीत मिली है।

पहले अंता की सीट भाजपा और जुबली हिल्स सीट पूर्व सीएम केसीआर की पार्टी बीआरएस के पास थी। AAP पंजाब की तरनतारन सीट बचाने में कामयाब रही है। यहां से हरमीत सिंह संधू ने जीत हासिल की।

झारखंड की घाटशिला सीट से पूर्व सीएम चंपई सोरेन के बेटे भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा के सोमेश चंद्र सोरेन ने हराया। वहीं, ओडिशा की नुआपाड़ा सीट से बीजेपी के जय ढोलकिया ने जीत हासिल की। जम्मू-कश्मीर के नगरोटा से भाजपा प्रत्याशी देवयानी राणा जीतीं और बडगाम से महबूबा मुफ्ती की पार्टी PDP के आगा सैयद मुंतजिर जीते। मिजोरम के डम्पा से मिजो नेशनल फ्रंट (MNF) दल ने जीत हासिल की।

कहां कितना वोटर टर्नआउट रहा

जम्मू-कश्मीर में 2 विधानसभा सीटें बडगाम और नगरोटा अक्टूबर 2024 से खाली हैं। CM उमर अब्दुल्ला 2 सीटों से चुनाव जीते थे। इसके बाद उन्होंने 21 अक्टूबर, 2024 को गांदरबल सीट को अपने पास रखा और बडगाम सीट छोड़ दी थी। इसलिए इस सीट पर चुनाव हो रहा है।

AAP ने 12 हजार वोटों से तरनतारन सीट जीती: अकाली दल दूसरे, खालिस्तान समर्थक MP की पार्टी तीसरे नंबर पर; कांग्रेस-BJP की जमानत जब्त



24 न्यूज अपडेट

पंजाब की तरनतारन विधानसभा सीट आम आदमी पार्टी (AAP) ने फिर जीत ली है। AAP के उम्मीदवार हरमीत संधू ने उपचुनाव में 12,091 वोटों से जीत हासिल की। उन्हें कुल 42,649 वोट मिले। हरमीत संधू चौथी बार यहां से विधायक चुने गए हैं।

दूसरे नंबर पर अकाली दल की उम्मीदवार सुखविंदर कौर रंधावा रहीं, जिन्हें 30,558 वोट मिले। तीसरे नंबर पर अकाली दल-वारिस पंजाब दे के उम्मीदवार मनदीप सिंह खालसा को 19,620 वोट मिले। कांग्रेस यहां चौथे नंबर पर रही। उसे 15,078 वोट मिले। भाजपा उम्मीदवार 10 हजार आंकड़ा भी नहीं छू पाए। उन्हें 6,239 वोट मिले।

चुनाव में किसी उम्मीदवार को कुल पोल वोटों के 1/6 (16.67%) से कम वोट मिलते हैं तो उसकी जमानत जब्त होती है। जो आज चुनाव नतीजे आए है, उसमें जिन्हें 19,619 से कम वोट मिले है, उनकी जमानत जब्त हो जाएगी। इस हिसाब से कांग्रेस, बीजेपी समेत 12 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई है। तरनतारन के इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सुबह 8 बजे काउंटिंग शुरू हुई। सबसे पहले बैलेट पेपर गिने गए, इसके EVM मशीन से वोटों की गिनती शुरू हुई। कुल 16 राउंड में वोटों की गिनती की गई।

अंता उपचुनाव में कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया जीते: भाजपा के मोरपाल दूसरे पर; नरेश मीणा 128 वोट से पिछड़कर तीसरे नंबर पर रहे



24 न्यूज अपडेट

अंता (बारां) विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया जीत गए। उन्होंने भाजपा के मोरपाल सुमन को 15594 वोटों से हराया। निर्दलीय नरेश मीणा तीसरे नंबर पर रहे। रिजल्ट के बाद प्रमोद जैन भाया ने समर्थकों के साथ डांस कीया।

इधर, कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के घर की तरफ जा रहे नरेश मीणा (निर्दलीय) को पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया।नरेश को उसके कुछ समर्थकों के साथ पुलिस अपनी गाड़ी में बैठाकर कोतवाली थाने ले गई। हालांकि पुलिस मामले में कुछ भी कहने से बच रही है।

नतीजों पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि - वो जनता का आदेश स्वीकारते हैं। वहीं, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने भाया को जीत की बधाई दी है।

हार के बाद निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने कहा- जनता ने जो प्यार-आशीर्वाद दिया, उसके लिए सिर झुकाता हूं। हमारी लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ थी। ईमानदारी हार गई- भ्रष्टाचार जीत गया।

उन्होंने समर्थकों से कहा- ईश्वर हमारी परीक्षा ले रहा है, हमारी त्याग-तपस्या में शायद कोई कमी रही होगी। अब हमें दोगुनी ताकत से काम करना पड़ेगा।

दिल्ली ब्लास्ट, नूंह से 2 डॉक्टर गिरफ्तार: आतंकियों के संपर्क में होने का दावा; अल-फलाह यूनिवर्सिटी की जमीन की पैमाइश शुरू



24 न्यूज अपडेट

दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए धमाके के बाद पुलिस और जांच एजेंसियों ने फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में डेरा जमाया हुआ है। आज एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ED) के आने की भी उम्मीद है। इसी बीच नूंह से 2 डॉक्टरों को हिरासत में लिया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, एक डॉक्टर नूंह जिले के सुनहेड़ा गांव का रहने वाला मुस्तकीम है, जबकि दूसरा फिरोजपुर झिरका क्षेत्र के अहमदवास गांव का मोहम्मद है। मुस्तकीम ने चीन से MBBS का कोर्स किया था। उसने हाल ही में अल-फलाह यूनिवर्सिटी से इंटर्नशिप पूरी की थी, जबकि मोहम्मद अभी इंटर्नशिप कर रहा है। दोनों के आतंकियों के संपर्क में होने का दावा किया जा रहा है।

मुस्तकीम के चाचा ने बताया कि 9 नवंबर को वह दिल्ली एम्स में नौकरी के लिए टेस्ट देकर आया था। इसके दूसरे दिन दिल्ली में ब्लास्ट हो गया। गुरुवार रात करीब 8 बजे NIA और फरीदाबाद क्राइम ब्रांच की पांच गाड़ियां उनके घर पहुंची और मुस्तकीम को अपने साथ ले गई। पुलिस का कहना है कि मुस्तकीम के फोन में आतंकियों के नंबर और बातचीत मिली है। उसे बेवजह फंसाया जा रहा है।

उधर, आज अल-फलाह यूनिवर्सिटी एंड मेडिकल कॉलेज में पुलिस का सख्त पहरा दिखा। यहां काम करने वाले लोगों को भी आईडी कार्ड देखकर ही अंदर जाने दिया गया। प्रशासन भी यूनिवर्सिटी की जमीन की पटवारी से पैमाइश कर कर रहा है।

ED के सामने पेश नहीं हुए अनिल अंबानी: वर्चुअल माध्यम से पेश होना चाहते थे; प्रवर्तन निदेशालय ने अपील ठुकराकर दोबारा समन भेजा



24 न्यूज अपडेट

रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी आज प्रवर्तन निदेशालय (ED) के सामने पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे। ED ने उन्हें समन भेजकर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA) से जुड़े मामले में 14 नवंबर को पेश होने को कहा था।

PTI के मुताबिक समन के जवाब में अनिल अंबानी ने वर्चुअल माध्यम से पेश होने की पेशकश की थी। लेकिन ED ने इसे खारिज कर दिया है।

अब जांच एजेंसी ने अनिल अंबानी को दोबारा समन भेजकर 17 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है।

जयपुर-रींगस हाईवे प्रोजेक्ट से जुड़ा है मामला

यह जांच 2010 के जयपुर-रींगस हाईवे प्रोजेक्ट से जुड़ी है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को EPC (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन) कॉन्ट्रैक्ट मिला था। ED का आरोप है कि प्रोजेक्ट से 40 करोड़ रुपए सूरत की शेल कंपनियों के जरिए दुबई भेजे गए।

इससे एक बड़ा इंटरनेशनल हवाला नेटवर्क उजागर हुआ, जो 600 करोड़ रुपए से ज्यादा का है। ED ने पहले ही अंबानी और उनकी कंपनियों की 7,500 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी अटैच कर ली है, जो मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़ी है। इससे पहले ED ने 3 नवंबर को अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़ी 132 एकड़ जमीन को अटैच कर दिया है। यह जमीन धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी (DAKC) नवी मुंबई में है, जिसकी वैल्यू 4,462.81 करोड़ रुपए है।

चांदी एक दिन में 3,363 सस्ती हुई: सोना 1,760 गिरकर 1.25 लाख पर आया; इस साल सोना 48,000 और चांदी 73 हजार महंगी हुई



24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 14 नवंबर को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम सोना आज 1,760 रुपए गिरकर 1,24,794 रुपए पर पहुंच गया है। कल इसका भाव 1,26,554 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

वहीं, चांदी 3,363 रुपए गिरकर 1,59,367 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। कल यह 1,62,730 रुपए प्रति किलो थी। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और 14 अक्टूबर को चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

450 अंक गिरने के बाद बाजार आखिरी घंटे में संभला: सेंसेक्स 84 अंक चढ़कर 84,562 पर बंद; बिहार चुनाव के नतीजों का असर



24 न्यूज अपडेट

अगर आप शेयरों में या म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, तो आज के बाजार की चाल आपको निराश कर सकती है। बिहार में NDA की जीत के बाद मार्केट में तेजी का अनुमान लगाया जा रहा था, लेकिन यह तेज गिरावट के बाद मामूली तेजी के साथ बंद हुआ।

शुक्रवार 14 नवंबर को सेंसेक्स 84 अंक चढ़कर 84,562 पर, जबकि निफ्टी 31 अंक ऊपर 25,910 पर क्लोज हुआ। दिन के कारोबार में सेंसेक्स करीब 450 अंक गिरकर 84,029 पर आ गया था। वहीं निफ्टी भी 139 अंक गिरकर 25910 पर आ गया था।

संपादकीय : राहत और चुनौती

दुनिया भर में तपेदिक या टीबी के उन्मूलन का लक्ष्य हासिल करना दशकों से एक जटिल चुनौती है। समय-समय पर इस बीमारी से संबंधित नए तथ्य और इलाज को लेकर जिस तरह के आंकड़े और ब्योरे सामने आते रहे हैं, वे इस रोग से उपजी व्यापक समस्या से पार पाने की दिशा में एक निरंतरता का बयान तो करते हैं, लेकिन तपेदिक को पूरी तरह खत्म कर पाना अब तक संभव नहीं हो पाया है। भारत में इस रोग से प्रभावित वर्गों की जीवन स्थितियां और उनके जितने स्तर रहे हैं, उसमें अनुकूल नतीजे तक पहुंचना थोड़ा और जटिल हो जाता है। मगर अब इस दिशा में एक राहत देने वाली खबर आई है कि भारत में टीबी के मामलों में तेजी से गिरावट आ रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक तपेदिक (टीबी) रपट, 2025 के मुताबिक भारत में हर वर्ष टीबी के नए मामलों में इक्कीस फीसद तक की कमी आई है। 2015 में प्रत्येक एक लाख की आबादी पर यह संख्या जहां दो सौ सैंतीस थी, वहीं वर्ष 2024 में घट कर प्रति लाख जनसंख्या पर एक सौ सत्तासी हो गई। जाहिर है, टीबी के नए मामलों में इतनी कमी इस रोग को देश से पूरी तरह खत्म करने के लिए काफी नहीं है, लेकिन बीते कुछ वर्षों के दौरान इस गिरावट को काफी अहम माना जा सकता है। इसी क्रम में सरकार ने भी इस वर्ष के अंत तक टीबी को देश से पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य रखा है। मगर अब भी इस रोग के प्रभाव क्षेत्र और जड़ों की जो वास्तविक तस्वीर है, उसमें इसके पूरी तरह उन्मूलन के लिए और ज्यादा ठोस कदम उठाने की जरूरत लगती है। दरअसल, नए मामलों में तेजी से गिरावट निश्चित रूप से एक उम्मीद पैदा करती है, लेकिन अब भी टीबी की वजह से होने वाली मौतों को कम करने का लक्ष्य काफी दूर है। पिछले वर्ष सरकार ने संसद में बताया था कि सन 2023 में देश में टीबी से पचासी हजार लोगों की मौत हो गई थी । हालांकि सरकार का कहना है कि नई तकनीकों के ज्यादा से ज्यादा उपयोग सेवाओं को निचले स्तर तक पहुंचाना और बड़े पैमाने पर इस रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने की वजह से टीबी के उपचार के दायरे में काफी विस्तार होगा और इससे इस रोग को खत्म करने में मदद मिलेगी। सवाल है कि इस आशावाद के समांतर सरकार क्या जमीनी स्तर पर तपेदिक की मार से प्रभावित वर्गों तक दवाओं और उपचार की पहुंच सुनिश्चित कर पा रही है, ताकि टीवी उन्मूलन का उद्देश्य समय पर हासिल किया जा सके। यह छिपा नहीं है कि टीबी उन्मूलन के मकसद के साथ जद्दोजहद करते देश में जमीनी स्तर पर चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों और कार्यकर्ताओं की काफी कमी है। तपेदिक के कई मरीज इस आर्थिक हालत में होते हैं कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में अभाव की स्थिति में अगर उन्हें दवा बाहर से लेनी पड़े तो वे खुद को लाचार पाते हैं। ऐसे तमाम लोग हैं, जिनकी रिहाइश रोशनी, साफ पानी और हवा की उपलब्धता से वंचित है तथा वे पोषक तत्त्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ के अभाव से भी दो-चार हैं। ऐसे में तपेदिक जैसा रोग तेजी से अपने पांव फैलाता है। मगर इस बीमारी को खत्म करने के मकसद से किए जा रहे प्रयास के अगर सकारात्मक नतीजे सामने आ रहे हैं, तो यह अच्छा है। जरूरत इस बात की है कि तपेदिक के समूचे देश से उन्मूलन को लेकर एक ठोस कार्ययोजना पर काम हो और अपेक्षित नतीजे हासिल किए जाएं।

कुपोषण की परतें

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि एक और कई प्रमुख फसलों की पैदावार में उम्मीद से ज्यादा की बढ़ोतरी के दावे किए जा रहे हैं, देश भर में बड़ी संख्या में लोगों को मुफ्त अनाज मुहैया कराया जा रहा है, वहीं महाराष्ट्र के एक हिस्से से कुपोषण की वजह से गरीब बच्चों की मौत की खबर आती है। राज्य के आदिवासी क्षेत्र मेलघाट में इस वर्ष जून से लेकर अब तक, यानी पिछले छह महीने में पैंसठ शिशुओं की मौत हो गई, लेकिन राज्य सरकार के संबंधित विभागों ने उन परिवारों की सुध तक नहीं ली। अब बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को इस मसले पर कड़ी फटकार लगाई है। गौरतलब है कि मेलघाट आदिवासी बहुल इलाका है और यह कई वर्षों से कुपोषण की समस्या से ग्रस्त है। इस मामले में राज्य सरकार की दलीलें और प्रस्तुत किए गए कागजात इतने कमजोर हैं कि कोई इन पर भरोसा नहीं कर सकता। स्वाभाविक ही अदालत भी इससे असंतुष्ट रही और उसे कहना पड़ा कि कागज पर तो सब ठीक दिखता है लेकिन वास्तविकता कोसों दूर है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि जब राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, संभवतः केंद्र सरकार की मुफ्त अनाज की योजना भी वहां चल रही होगी, तो ऐसे में संबंधित आदिवासी बहुल क्षेत्र में कुपोषण कैसे अपने पांव फैला रहा था। अगर इस क्षेत्र में शिशुओं की मौत हो रही थी, तो इसके कारणों को जानने और उन्हें समय पर दूर करने की कवायद क्यों नहीं हुई। इसमें कोई दोराय नहीं कि आदिवासी इलाकों में कुपोषण के साथ चिकित्सा का अभाव एक गंभीर समस्या है। खासतौर पर मेलाघाट क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताएं आहार और उपचार के घोर अभाव का सामना कर रही हैं। अगर शिशुओं की माताओं को पोषक आहार के साथ चिकित्सा सहायता देने की पहल की गई होती, तो ज्यादातर शिशुओं को बचाया जा सकता था। मगर यह समझना मुश्किल है कि महानगरों की जरूरतों के लिए संसाधनों में कोई कमी न होना सुनिश्चित करने वाली सरकार गरीब तबकों या आदिवासी परिवारों के बच्चों को पोषणयुक्त भोजन मुहैया करा पाने में कोई रुचि क्यों नहीं लेती।

दीपावली ऑफर के नाम पर 20 लाख की ठगी: मोबाइल शॉप संचालक को चोरी के फोन थमाए, गुरुग्राम पुलिस ने खोली पोल



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर। जोधपुर में एक मोबाइल शॉप संचालक के साथ बड़ी ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने दीपावली ऑफर का लालच देकर मोबाइल शॉप मालिक को सस्ते दाम में चोरी के फोन बेच दिए। मामला तब सामने आया जब गुरुग्राम पुलिस दुकान पर पहुंची और सभी 28 मोबाइल फोन चोरी के होने की जानकारी दी। पीड़ित मोबाइल शॉप संचालक नवनीत अरोड़ा ने बताया कि उसने आरोपी पवन मुंजासर से सैमसंग एसद्24 मॉडल के 28 मोबाइल 71,500 रुपये प्रति फोन के हिसाब से खरीदे थे। कुल 20 लाख 2 हजार रुपये उसने नकद और यूपीआई के जरिए भुगतान किए। पवन मुंजासर फलोदी की बरकत कॉलोनी में प्रिंस मोबाइल का मालिक है और लंबे समय से नवनीत उससे फोन खरीदता आ रहा था।

डिस्काउंट का झांसा देकर दिया धोखा

नवनीत ने बताया कि पवन ने दीपावली सीजन का हवाला देते हुए कहा कि उसने अमेज़न से बड़ी संख्या में मोबाइल डिस्काउंट पर खरीदे हैं और वह उसे भी एक फोन पर 5 हजार रुपये तक का डिस्काउंट देगा। जब नवनीत ने बिल मांगा तो आरोपी ने कुछ समय बाद देने की बात कहकर टाल दिया। भरोसा कर नवनीत ने मोबाइल बेचने भी शुरू कर दिए।

गुरुग्राम पुलिस पहुंची तो खुला राज

11 अक्टूबर को गुरुग्राम पुलिस अरोड़ा की दुकान पर पहुंची और बताया कि सभी मोबाइल चोरी के हैं। साथ ही उन्हें गुरुग्राम थाने में हाजिर होने का नोटिस भी दिया। इसके बाद नवनीत को पूरे मामले की सच्चाई का पता चला। जब उसने आरोपी पवन से संपर्क किया तो उसने टालमटोल शुरू कर दिया और बाद में जवाब देना भी बंद कर दिया। रकम वापस करने से साफ इनकार कर दिया। इस पर नवनीत ने उदयमंदिर थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया।

ग्राहकों से मोबाइल वापस लेकर पुलिस को सौंपे

घटना का पता लगने पर पीड़ित ने बेचे गए सभी मोबाइल ग्राहकों से वापस मंगवाकर गुरुग्राम पुलिस को सौंप दिए हैं। उसका कहना है कि आरोपी ने विश्वास में लेकर जालसाजी की और जानते हुए चोरी के मोबाइल उसे थमाए। उदयमंदिर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उदयपुर में सिंधी समाज का प्रदर्शन, सवीना सब्जी मंडी के बाहर जताया कड़ा रोष, पुतला दहन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सवीना सब्जी मंडी के बाहर मंगलवार को सिंधी समाज एवं सर्व हिंदू समाज के व्यापारियों ने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के नेता अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज और उनके आराध्य इष्ट देव श्री झूलेलाल के प्रति की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। आक्रोशित व्यापारियों ने नारेबाजी करते हुए अमित बघेल का पुतला दहन किया और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

सब्जी मंडी अध्यक्ष मुकेश खिलवानी ने कहा कि अमित बघेल द्वारा आए दिन सस्ती लोकप्रियता पाने के उद्देश्य से विभिन्न समाजों पर असंवेदनशील और अपमानजनक टिप्पणियाँ करना आम हो गया है। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज सभी जातियों और धर्मों के प्रति सम्मान एवं सद्भाव का भाव रखता है। भारत में एक प्रतिशत से भी कम जनसंख्या होने के बावजूद सिंधी समाज देश की आर्थिक प्रगति में अपनी आबादी से कई गुना अधिक योगदान देता आया है। उपाध्यक्ष महेश नारवानी और नानक राम कालरा ने कहा कि समाज ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर ऐसी टिप्पणियाँ करने वाले और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की है।

विरोध प्रदर्शन में महासचिव धर्मवीर सलूजा, रतन इसरानी, राजकुमार मंदवानी, दामोदर नारवानी, पवन कालरा, गिरीश चुग, नरेश सेनानी, नितेश देवानी, बंटी भाई, उमेश तलरेजा, गुलशन साहित्य, मयूर साहित्य, हितेश मंदवानी, सुरेश मालानी, भरत तलरेजा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और समाजजन उपस्थित रहे।

शिवा डॉन 'हांकड़े' आया, पैदल पुलिस परेड में लड़खड़ाया, जोधपुर से दबोचा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. पोक्सो एक्ट और चोरी के गंभीर प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे शातिर बदमाश शिव शर्मा उर्फ शिवा (19) को गोवर्धनविलास थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इंस्टाग्राम पर 'Shiva Don of Sector-14' नाम से प्रोफाइल चलाकर वह बदमाशों वाले गानों पर रिल्स बनाता था और खुद को बड़ा डॉन बताकर पुलिस को चुनौती देता था। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) गोपाल स्वरूप मेवाड़ा और वृताधिकारी गिर्वा गोपाल चंदेल के सुपरविजन में थानाधिकारी पु.नि. दिलीप सिंह झाला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

तकनीकी निगरानी के आधार पर पता चला कि आरोपी जोधपुर के झालामंड क्षेत्र में एक कार गैराज में हुलिया बदलकर काम कर रहा है। पुलिस टीम ग्राहक बनकर वहाँ पहुँची और उसे डिटेन कर उदयपुर ला रही थी, तभी रास्ते में लघुशंका का बहाना बनाकर वह भागने की कोशिश में नाले में गिरकर घायल हो गया। इलाज करवाने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया और रिमांड मंजूर होने पर 14 नवंबर को पैदल परेड के दौरान मौका तस्दीक करवाई गई।

यह मामला 16 अक्टूबर 2025 को तब दर्ज हुआ जब सेक्टर-14 निवासी पीड़िता ने शिकायत दी कि मोहल्ले में रहने वाला शिवा महिलाओं से छेड़छाड़, धमकाने और मारपीट जैसी हरकतें करता रहता है। 13 मई को उसकी नाबालिग बेटी के साथ रास्ते में छेड़छाड़, 50 हजार रुपए की मांग और शादी का दबाव बनाया गया। दो दिन बाद आरोपी ने फिर उसका पीछा किया, घर में घुसकर डराया-धमकाया और अलमारी की चाबी लेकर सोने के गहने चोरी कर लिए। इस पर थाना गोवर्धनविलास में प्रकरण संख्या 333/2025, धाराएँ 308(4), 78 BNS और POCSO एक्ट 7/8 में मुकदमा दर्ज हुआ।

फरारी के दौरान आरोपी मुंबई, सूरत, अहमदाबाद और जोधपुर में छिपता रहा और इंस्टाग्राम पर बदमाशी भरे वीडियो डालते हुए खुद को "किसी का डर नहीं" बताता रहा। आरोपी के खिलाफ पहले भी आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में अर्जुन लाल उ.नि., धर्मवीर सिंह स.उ.नि. (विशेष भूमिका), मनोहर सिंह स.उ.नि. (विशेष भूमिका), हैडकॉन्स्टेबल भगवती लाल, कॉन्स्टेबल दिनेश सिंह (विशेष भूमिका), सुरेंद्र सिंह, अंकित सिंह, जितेंद्र सिंह और जसवंत सिंह शामिल रहे।

उदयपुरः गांधी ग्राउंड में सहकार मेला व आदि हाट का शुभारंभ



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के गांधी ग्राउंड में गुरुवार को सहकार मेला और आदि हाट का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सहकारिता मंत्री श्री गौतम दक ने किया। उनके साथ सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, विधायक फूलसिंह मीणा, समाजसेवी गजपाल सिंह और पुष्कर तेली सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शुभारंभ के बाद मंत्री श्री दक ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और वहां प्रस्तुत उत्पादों व हस्तशिल्प के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और स्वावलंबन को सशक्त बनाने की पहल को सराहते हुए आयोजकों की जमकर प्रशंसा की।

मेले में सहकारी संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों और आदिवासी कारीगरों द्वारा तैयार किए गए अनेक उत्पादों की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। स्थानीय कला, हस्तशिल्प और परंपरागत उत्पादों को देखने और खरीदने के लिए लोगों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है।

सहकार मेला व आदि हाट आगामी दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विविध प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जाएगा।

अंता उपचुनाव में जीत उदयपुर देहात कांग्रेस ने कहा-जनता ने पर्ची सरकार को सख्त संदेश दिया

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर में अंता उपचुनाव के नतीजों पर उदयपुर देहात जिला कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी और प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बयान जारी कर कहा कि यह उपचुनाव पर्ची सरकार के लिए एक लिटमस टेस्ट था जिसमें जनता ने उन्हें स्पष्ट रूप से नकार दिया। दोनों नेताओं ने कहा कि सत्ता पक्ष बड़ी मुश्किल से मात्र लगभग सौ से डेढ़ सौ वोट से दूसरे स्थान पर आ पाया वरना उसे तीसरे स्थान पर जाना पड़ता।

उन्होंने कहा कि अंता की जनता ने भ्रष्टाचार और लूट के डबल इंजन को आईना दिखाया है। किसी भी उपचुनाव को सत्ता की लोकप्रियता का परीक्षण माना जाता है और इस बार पर्ची सरकार पूरी तरह से फेल साबित हुई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पिछले दो वर्षों में जनउपयोगी योजनाओं को बंद करने गरीब और पीड़ित वर्ग के लिए कोई कदम न उठाने तथा प्रदेश में महिलाओं और दलितों पर अत्याचार बढ़ने के खिलाफ जनता का यह कड़ा जवाब है।

उदयपुर देहात कांग्रेस ने दावा किया कि राजस्थान प्रदेश ने सत्ता को स्पष्ट संदेश दे दिया है और आगामी निकाय चुनाव तथा वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में पर्ची सरकार की विदाई तय है।

एक शाम राड़ाजी बावजी के नाम विशाल भजन संध्या 16 नवम्बर को



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 14 नवम्बर। शहर के पुरोहितों की मादड़ी स्थित धर्मराज जी भैरू जी बावजी दुदाजी का देवरा लक्ष्मी नगर में एक शाम राड़ा जी बावजी के विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। आयोजक कालू लाल पटेल, किशन पटेल व हितेश व्यास ने संयुक्त रूप से बताया कि दूदाजी के देवरे वाली गली में स्थित धर्मराज स्थानक राड़ा जी बावजी मंदिर में रविवार 16 नवम्बर को शाम 7 बजे से एक शाम राड़ा जी बावजी के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक कैलाश खेर भजनों की प्रस्तुति देंगें वहीं प्रहलाद एण्ड पार्टी अलग-अलग झांकी प्रस्तुत करेंगे। भजन संध्या से पहले महाप्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा।

उदयपुर में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की तैयारियां तेज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 14 नवम्बर। 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आयोजन को सुचारू रूप से संपादित कराने के लिए जिला कलक्टर के निर्देशन में विभिन्न समितियों के प्रभारी अधिकारियों की नियुक्त करते हुए उन्हें दायित्व सौंप दिए हैं।

खेलो इंडिया युनिवर्सिटी गेम्स - 2025 के तहत उदयपुर में होने वाले आयोजनों को लेकर युडीए आयुक्त राहुल जैन को नोडल अधिकारी एवं जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। अब प्रतियोगिताओं से जुड़े सभी कार्यों के लिए अलग-अलग समितियां गठित कर विस्तृत जिम्मेदारियाँ तय कर दी गई हैं।

राजस्थान सरकार ने बढ़ाई निर्माण लागतः रजिस्ट्री हुई महंगी, लेकिन आम खरीदार पर नहीं पड़ेगा बड़ा असर



24 न्यूज अपडेट

जयपुर | राज्य सरकार ने इस वर्ष संपत्ति रजिस्ट्री से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। स्टांप ड्यूटी, रजिस्ट्रेशन शुल्क और जमीन की DLC दरों को जस का तस रखते हुए सरकार ने कंस्ट्रक्शन कॉस्ट (निर्माण लागत) में भारी बढ़ोतरी की है। नई दरें लागू होने के बाद कई श्रेणियों की रजिस्ट्री का न्यूनतम मूल्य बढ़ जाएगा।

RCC कंस्ट्रक्शन की लागत 600 रु प्रति वर्ग फीट बढ़ी वित्त विभाग के आदेशों के अनुसार, RCC छत वाले आवासीय व व्यावसायिक निर्माण की लागत 1200 रुपए से बढ़ाकर 1800 रुपए प्रति वर्ग फीट कर दी गई है। निर्माण लागत में यह अब तक की सबसे बड़ी बढ़ोतरी मानी जा रही है।

मॉल, होटल और क्लबों की लागत भी बढ़ी सरकार ने मल्टी स्टोरी और व्यावसायिक भवनों की लागत में भी संशोधन किया है— मल्टीप्लेक्स वाले शॉपिंग मॉल की निर्माण लागत 1815 रु से बढ़कर 2100 रु प्रति वर्ग फीट बिना मल्टीप्लेक्स वाले मॉल की लागत 1430 रु से बढ़कर 2000 रु प्रति वर्ग फीट 5-स्टार होटल/क्लब की लागत 2090 रु से बढ़कर 2500 रु प्रति वर्ग फीट 5-स्टार से नीचे की कैटेगरी के होटलों की लागत 1595 रु से बढ़ाकर 2100 रु प्रति वर्ग फीट

खाली जमीन की बाउंड्री वॉल भी महंगी

केवल बाउंड्रीवाल बने प्लॉटों की लागत भी बढ़ाई गई है। पुरानी दरः 400 रुपया प्रति रनिंग मीटर नई दरः 500 रुपया प्रति रनिंग मीटर औद्योगिक प्लॉटों पर बने शेड/वेयरहाउस की लागत भी 4000 रु से बढ़ाकर 5000 रु प्रति वर्ग मीटर कर दी गई है।

आम खरीदार पर नहीं बढ़ेगा बोझ विशेषज्ञों का मानना है कि शहरों और कस्बों में मकान, फ्लैट और दुकानें सामान्यतः सरकार द्वारा तय न्यूनतम मूल्य से अधिक कीमत पर बिकती हैं। ऐसे में नई निर्माण लागत का आम खरीदार पर सीधा आर्थिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। संशोधित दरों का असर मुख्यतः उन संपत्तियों पर पड़ेगा जिनकी बिक्री कीमत अब भी सरकारी न्यूनतम मूल्यांकन के करीब होती है। निर्माण सामग्री जैसे सीमेंट, स्टील, मेटल आदि के दाम लगातार बढ़े हैं। सरकार का कहना है कि वास्तविक निर्माण लागत बढ़ने के कारण नई दरें बाजार की स्थिति के अनुरूप तय की गई हैं।

सगाई विवाद में जानलेवा हमलाः प्रतापनगर पुलिस ने मुख्य आरोपी पिता-पुत्र को दबोचा, अन्य की तलाश जारी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पुलिस थाना प्रतापनगर की टीम ने सगाई विवाद से जुड़े जानलेवा हमले के मामले में दो मुख्य आरोपियों—पिता-पुत्र—को गिरफ्तार किया है। प्रकरण 12 नवंबर 2025 को दर्ज हुआ था, जब प्रार्थी गजेन्द्र नागदा निवासी मिठानीम (थाना डबोक), हाल नाकोड़ा नगर प्रथम, ने जीबीएच अस्पताल में रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट के अनुसार, दोपहर करीब 1.30 बजे नरेन्द्र नागदा और नन्दलाल ने प्रार्थी के पिता और भाई को फोन कर सगाई विवाद पर बात करने के लिए जोगन्या माता पावर हाउस बुलाया। इस पर प्रार्थी, उसके पिता जगदीश नागदा, भाई, मां और बहन दोपहर 3 बजे वहां पहुंचे। जगह पर पहले से मौजूद दुर्गाशंकर नागदा, टमा नागदा, निखिल नागदा, रोशन नागदा, जय नागदा, आशा नागदा सहित अन्य लोगों ने पहुंचते ही परिवार को गालियां देनी शुरू कर दी। आपत्ति जताने पर आरोपी आवेश में आए और अचानक हमला कर दिया। दुर्गाशंकर नागदा ने प्रार्थी के पिता के दोनों हाथ पकड़ लिए और उसके पुत्र निखिल नागदा ने चाकू से वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। जय नागदा ने प्रार्थी के भाई के हाथ पकड़े और उस पर भी निखिल ने चाकू मारा। बीच-बचाव करने पर प्रार्थी और उसकी मां के साथ भी मारपीट की गई। घायल पिता और भाई को इलाज के लिए जीबीएच अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस कार्रवाई

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उदयपुर श्री योगेश गोयल ने त्वरित गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री उमेश ओझा तथा वृताधिकारी नगर पूर्व श्री छगन पुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी प्रतापनगर श्री राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने आसूचना के आधार पर मुख्य आरोपी—दुर्गाशंकर पिता जयराम नागदा (47 वर्ष) निवासी भैसड़ा खुर्द निखिल नागदा पिता दुर्गाशंकर नागदा (20 वर्ष) निवासी भैसड़ा खुर्द को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत कर पीसी रिमांड पर लिया गया है। अन्य वांछित आरोपियों की तलाश जारी है।

टीम के सदस्य

श्री राजेन्द्र सिंह, थानाधिकारी प्रतापनगर, श्री अशोक कुमार सिंह, उपनिरीक्षक, श्री पर्वतसिंह, सहायक उपनिरीक्षक, श्री विश्वेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल 832, श्री विरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल 192

जोधपुर नगर निगम को हाईकोर्ट ने लगाई फटकारःलापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के सख्त आदेश दिए



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान हाईकोर्ट ने जोधपुर नगर निगम को जोरदार फटकार लगाते हुए सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। जस्टिस विनीत कुमार माथुर और जस्टिस बिपिन गुप्ता की खंडपीठ के समक्ष शुक्रवार (14 नवंबर) को नगर निगम कमिश्नर सिद्धार्थ पलनीचामी एस. व्यक्तिगत रूप से पेश हुए।

कोर्ट ने निगम आयुक्त को जोधपुर में डूंगरपुर के क्लीन सिटी मॉडल को अपनाने, हर वार्ड में निगरानी समिति बनाने और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के सख्त आदेश दिए हैं। अगली सुनवाई 11 दिसंबर को तय की गई है।

महेश गहलोत द्वारा दायर जनहित याचिका में गुरुवार को दिए गए निर्देश के अनुपालन में कमिश्नर सिद्धार्थ पलनीचामी एस और हेल्थ ऑफिसर सचिन मोंगा व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित हुए। याचिकाकर्ता की ओर से वकील कृष्णकांत व्यास ने पैरवी की, जबकि नगर निगम की ओर से वरिष्ठ वकील राजेश पंवार, आयुष गहलोत, राकेश शर्मा और अन्य ने पक्ष रखा।

7 अक्टूबर के आदेश की अनुपालना रिपोर्ट

कोर्ट ने 7 अक्टूबर 2025 के निर्देशों के अनुपालन में दाखिल की गई रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लिया। अनुपालना रिपोर्ट में नगर निगम ने बताया कि जोधपुर शहर में सफाई और स्वच्छता सुधारने, कचरा हटाने और परिवहन को मजबूत करने के लिए विभिन्न सफाई गैंग तैनात किए गए हैं। सड़कों को विभिन्न जोन में विभाजित कर अलग-अलग गैंगों को उन क्षेत्रों की सफाई और स्वच्छता की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जोधपुर में 622 सफाई कर्मचारी

नगर निगम की ओर से पेश रिपोर्ट के अनुसार, जोधपुर नगर निगम (उत्तर) में 18 बीट में 174 सफाई कर्मचारियों के साथ 13 गैंग इंचार्ज और 2 चीफ सेनिटेशन इंस्पेक्टर तैनात किए गए हैं। जोधपुर नगर निगम (दक्षिण) में 35 बीट में 448 सफाई कर्मचारी तैनात हैं। इस प्रकार कुल 622 सफाई कर्मचारी विभिन्न बीट में तैनात किए गए हैं। इसके अलावा वार्ड परिसीमन के बाद नए 100 वार्डों में 2,100 सफाई कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम, 240 ऑटो टिप्पर व 255 वाहन तैनात

पारदर्शिता और रियल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए सभी बीट को डिजिटली मैप किया गया है। फाइलों को ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम में अपलोड कर सेंट्रल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से लाइव ट्रैकिंग की जा रही है।

नगर निगम ने घर-घर कचरा संग्रहण के लिए 73 म्युनिसिपल ऑटो टिप्पर तैनात किए हैं। इसके अलावा सर्विस प्रोवाइडर्स के माध्यम से 167 ऑटो टिप्पर (रिकार्ट इनोवेशन-130, आरहम एनवायरो-15, विवॉइस-22) लगाए गए हैं। कुल 240 ऑटो टिप्पर सेंट्रल कमांड सेंटर से जुड़े हैं। इसके अलावा कचरा संग्रहण और परिवहन के लिए 73 डोर-टू-डोर टेम्पो, 19 वेस्ट ट्रांसपोर्ट वाहन, 11 हाईवे ट्रांसफर वाहन, 11 रेफ्यूज कलेक्टर और 141 ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित कुल 255 वाहन तैनात हैं।

वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम

नगर निगम ने घोड़ा-घाटी के वेस्ट ट्रांजिट स्टेशन को प्रताप नगर गार्बेज कलेक्शन सेंटर के माध्यम से केरू डंपिंग यार्ड से जोड़ दिया है। इससे प्राथमिक संग्रहण बिंदुओं से प्रोसेसिंग और निपटान सुविधाओं तक कचरे का सहज स्थानांतरण होता है। वैकल्पिक कचरा निपटान क्षेत्र भी चिह्नित किए गए हैं ताकि घनी आबादी वाले इलाकों से कचरा वाहनों की आवाजाही कम हो।

वार्ड कमेटी गठन के निर्देश

वकील और कमिश्नर ने कोर्ट को बताया कि हर वार्ड में सफाई कार्यों की बारीकी से निगरानी के लिए वार्ड कमेटियां बनाई जा रही हैं। कमेटी में एक निर्वाचित प्रतिनिधि, नगर निगम का एक इंस्पेक्टर/अधिकारी और उस वार्ड के दो-तीन प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होंगे। वार्ड कमेटी प्रत्येक वार्ड में सफाई कार्य के प्रदर्शन और प्रगति की देखरेख करेगी। कमियों या कमजोरियों की रिपोर्ट कमिश्नर या नामित अधिकारी को देगी।

डूंगरपुर का क्लीन सिटी मॉडल अपनाएं

वकील ने कोर्ट को बताया- जिस अधिकारी/व्यक्ति ने डूंगरपुर शहर को स्वच्छ बनाया और उसे भारत के सभी छोटे शहरों में सबसे स्वच्छ शहर बनाया, उनसे संपर्क करके उनकी सेवाएं ली जाएंगी। यह सुझाव कोर्ट की ओर से दिया गया है, कि डूंगरपुर के सफल मॉडल को जोधपुर में भी लागू किया जाए।

इस पर कमिश्नर पलनीचामी ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि जोधपुर शहर को स्वच्छ, परेशानी मुक्त बनाने और गंदगी व कचरे के कारण उत्पन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम को कम करने के लिए सभी आवश्यक और संभव कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी वचन दिया कि जो अधिकारी अपना काम गंभीरता से नहीं कर रहे हैं और सक्षम प्राधिकारी के आदेशों का उल्लंघन कर रहे हैं, उनके खिलाफ उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

राजदर्शन होटल फायरिंग केसः दो गैंगों की भिड़ंत में शामिल दो कुख्यात हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, हथियार बरामद



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पुलिस थाना हाथीपोल की टीम ने राजदर्शन होटल के बाहर हुई दो गैंगों की फायरिंग और तलवारबाजी की गंभीर घटना में शामिल दो और कुख्यात हिस्ट्रीशीटर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से पुलिस ने आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय पैदा करने का संदेश दिया है।

घटना का विवरण

2 अक्तूबर 2025 को राजदर्शन होटल के बाहर मुख्य सड़क पर दो पक्षों के बीच तलवारबाजी और फायरिंग की वारदात हुई थी। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिन पर थाना हाथीपोल में प्रकरण संख्या 123/2025 एवं 124/2025 विभिन्न धाराओंकृधारा 189(2), 126(2), 115(2), 109(1) बीएनएस एवं 4/25 आर्म्स एक्टकृके तहत दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। इस प्रकरण में पूर्व में आरोपी मोहम्मद राहिल उर्फ बोहरा, दानिश उर्फ आतंक, मोहम्मद नदीम उर्फ निन्दो, साकीर उर्फ टइया तथा माजिद उर्फ मच्छी को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर श्री योगेश गोयल ने शेष आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। निर्देशों के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री उमेश ओझा एवं वृताधिकारी वृत पश्चिम श्री राजेश यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी हाथीपोल श्री योगेन्द्र कुमार व्यास के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने दौराने तलाश दिनांक 05 नवंबर 2025 को स्वरूप सागर स्थित चिड़ियावाले बाग क्षेत्र से गैंग के दो वांछित सदस्य 1. शोएब उर्फ पहलवान, 2. मोहम्मद सोहेल उर्फ अन्ना को पिस्टल व चाकू सहित गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान बरामद हथियार, तथा घटना समय उपयोग में ली गई पिस्टल की जानकारी के आधार पर उनके खिलाफ धारा 3/25 व 4/25 आर्म्स एक्ट में भी अलग प्रकरण दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर घटना में प्रयुक्त दूसरी पिस्टल भी बरामद कर ली गई।

आरोपियों का खुलासा

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना के समय उनकी पिस्टल सही से न चलने के कारण उन्होंने दूसरी पिस्टल खरीदी थी। दोनों आरोपी गैंग तपअंसतल में अपनी सुरक्षा और दबदबा बनाए रखने के लिए अवैध हथियार रखते हैं। इनके विरुद्ध विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं जो न्यायालय में विचाराधीन हैं।

रंजिश का कारण

मामले की मुख्य पृष्ठभूमि आरोपी राहिल उर्फ बोहरा एवं शाहरुख के विरुद्ध थाना गोवर्धन विलास में दर्ज स्त्री लज्जा भंग प्रकरण से जुड़ी है। इसके अलावा, 05 सितंबर 2025 को ईद-मिलादुन्नबी के अवसर पर राजदर्शन होटल के पास तबरूक वितरण के दौरान राहिल उर्फ बोहरा और मलिक पक्ष के बीच झगड़ा हुआ था। दोनों पक्षों के मकान आमने-सामने होने और पार्किंग विवाद ने भी तनाव बढ़ाया। इसी रंजिश के चलते दोनों गैंगों ने अपने-अपने सदस्यों को बुलाकर योजनाबद्ध तरीके से तलवारों और अवैध पिस्टलों से एक-दूसरे पर जानलेवा वार किए।

गिरफ्तार आरोपी

शोएब उर्फ पहलवान, पिता एजाज मोहम्मद, उम्र 27 वर्षकृनिवासी नागानगरी, चांदपोल बाहर, थाना अम्बामाता मोहम्मद सोहेल उर्फ अन्ना, पिता मोहम्मद रसीद, उम्र 26 वर्षकृनिवासी महावतवाड़ी, मस्जिद चौक, थाना घंटाघर

कार्रवाई में शामिल टीम

श्री योगेन्द्र कुमार व्यास, थानाधिकारी हाथीपोल, श्री मोहम्मद अतहर, सहायक उपनिरीक्षक, श्री धर्मपाल, कांस्टेबल श्री मांगी लाल, कांस्टेबल, श्री भवानी शंकर, कांस्टेबल

डीएसटी एवं बड़गांव थाना की बड़ी सफलताः साइबर ठगी और ऑनलाइन गेमिंग धोखाधड़ी करने वाले संगठित गैंग के 7 सदस्य गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. उदयपुर। साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक श्री योगेश गोयल के निर्देशन में डीएसटी और थाना बड़गांव पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी एवं ऑनलाइन गेमिंग धोखाधड़ी में सक्रिय एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर 13 नवंबर को बड़ी मौया चौराहा स्थित एक विला पर की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री उमेश ओझा एवं वृताधिकारी नगर पश्चिम श्री राजेश यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी बड़गांव श्री पूरणसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में टीम ने विला में ठहरे सात व्यक्तियों को दबोचा। पूछताछ में सामने आया कि ये आरोपी अलग-अलग राज्यों में ऑनलाइन फाइनेंशियल फ्रॉड, साइबर ठगी और ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े धोखाधड़ी मामलों में सक्रिय हैं तथा इनके खिलाफ एनसीआरबी पोर्टल पर कई शिकायतें दर्ज हैं। टीम ने आरोपियों की गतिविधियों की पुष्टि की, जिसमें कमीशन पर बैंक खाते खरीदकर और उन्हें आगे बेचकर ऑनलाइन ठगी तथा गेमिंग फ्रॉड की राशि अपने नेटवर्क तक पहुंचाना शामिल था। गिरोह आपराधिक षड्यंत्र रचकर साइबर अपराध को संगठित रूप देता था। सभी सातों आरोपियों को मौके पर ही हिरासत में लेकर बाद पूछताछ गिरफ्तार किया गया। प्रकरण दर्ज कर उन्हें आज न्यायालय में पेश किया गया।

गिरफ्तार आरोपी

गौरव भंडारी पिता गिरधारीलाल, उम्र 36 वर्ष, निवासी भूपालपुरा उदयपुर, हाल सर्वऋतुविलास, सूरजपोल उदयपुर रोहित शर्मा पिता जगदीश, उम्र 30 वर्ष, निवासी आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा, हाल भूपालपुरा, उदयपुर भाग्यदीप सिंह झाला पिता सुखदेव सिंह, उम्र 30 वर्ष, निवासी पारस सोसायटी, राजकोट (गु.) बृजराज सिंह पिता नटुबा सिंह, उम्र 33 वर्ष, निवासी पारस सोसायटी, राजकोट (गु.) पार्थ ओझा पिता गुणवंतभाई, उम्र 27 वर्ष, निवासी अक्षर सोसायटी, हिम्मतनगर (गु.) मयूर पटेल पिता मनहरभाई, उम्र 31 वर्ष, निवासी हिम्मतनगर, मूल निवासी गांधीनगर (गु.) मोहितसिंह सौलकी पिता बलवन्तसिंह, उम्र 20 वर्ष, निवासी बांसवाड़ा रोड, चित्तौड़गढ़, हाल यूनिवर्सिटी रोड, उदयपुर

कार्रवाई में शामिल थाना बड़गांव टीम

थानाधिकारी श्री पूरणसिंह राजपुरोहित, सउनि श्री रणजीत सिंह राठौड़, हेड कांस्टेबलः श्री लक्ष्मण सिंह, श्री राजेन्द्र सिंह, श्री सोहन सिंह कांस्टेबलः श्री प्रमोद कुमार, श्री तपेंद्र (81), श्री डालाराम (1118), श्री कैलाशचंद मीणा, श्री सुरेश, श्री लोकेश रायकवाल (साइबर सेल), श्री करणा राम (साइबर थाना), श्री मोहन लाल

जिला स्पेशल टीम (DST) उदयपुर

प्रभारीः श्री विक्रम सिंह (सउनि) हेड कांस्टेबलः श्री करतार सिंह, श्री भंवरलाल, श्री गणेश सिंह, श्री जगदीश, श्री हितेंद्र सिंह कांस्टेबलः श्री कमलेश जाखड़, श्री शक्ति सिंह शेखावत, श्री जितेन्द्र दिक्षित, श्री मुकेश चौधरी, श्री विरेन्द्र साहू, श्री सुमित कुमार, श्री सुमेर सिंह चालकः श्री कृष्ण कुमार

पेराफेरी संघर्ष समिति की पट्टा मांग तेज, प्रशासन पर तानाशाही का आरोप



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। यूडीए की लगातार अतिक्रमण कार्रवाइयों के बीच पेराफेरी पंचायत जिला संघर्ष समिति ने पट्टों की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। संयोजक चंदन सिंह देवड़ा के नेतृत्व में सरपंच–उपसरपंचों और जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। देवड़ा ने बताया कि 2022 में 45 पंचायतों को आबादी भूमि तो हस्तांतरित हुई, लेकिन कई पंचायतों में आबादी विस्तार की फाइलें अब भी लंबित हैं, जिससे प्रशासन–जनता आमने-सामने की स्थिति बन रही है। समिति ने पेराफेरी पंचायतों की आबादी बसेरा के आधार पर भूमि पंचायतों को ट्रांसफर करने और नगर निगम में शामिल क्षेत्रों में 69A के तहत पट्टे जारी करने की मांग की। प्रदर्शन में माधव लाल अहीर, देवकिशन सुथार, हेमराज गुर्जर, ईश्वर लाल, दूल्हे सिंह, उमेश गुर्जर, मोहन पटेल, भूरी लाल गमेती, विष्णु पटेल, मनोहर सिंह, शंभू डांगी, निर्भय सिंह सहित अनेक प्रतिनिधि मौजूद रहे। बाद में प्रतिनिधि मंडल ने सहकारिता मंत्री गौतम दक से मुलाकात कर नियमों में शिथिलता देकर पेराफेरी में बसे लोगों को पट्टे दिलाने की मांग की। इस दौरान सांसद मन्ना लाल रावत, जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह, पुष्कर तेली और विधायक फूल सिंह भी उपस्थित थे। समिति ने स्पष्ट किया कि वे अतिक्रमण के समर्थक नहीं, बल्कि वर्षों से बसी आबादी को वैध पट्टे दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उनकी प्रमुख मांगों में—नगर निगम क्षेत्रों में 31 दिसंबर 2024 की बसावट आधार मानकर 69A में पट्टे, पूर्व प्रकाशित आपत्तियों का निपटारा, यूडीए क्षेत्रों की आबादी भूमि पंचायतों को हस्तांतरित करना, तथा बिना नोटिस तोड़े गए गरीबों के मकानों का मुआवजा शामिल है।

मुख्यमंत्री शनिवार को डबोक आकर डूंगरपुर जाएंगे

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 14 नवम्बर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा शनिवार को डबोक आकर डूंगरपुर जाएंगे। जिला कलक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री शर्मा शनिवार सुबह 11.20 बजे राजकीय विमान द्वारा जयपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से हेलीकॉप्टर द्वारा डूंगरपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री श्री शर्मा डूंगरपुर में भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में भाग लेकर शाम 4.50 बजे पुनः डबोक लौटेंगे। यहां से राजकीय विमान द्वारा जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com

महापुरुषों का जीवन व्यक्ति के जीवन निर्माण के लिए महत्वपूर्ण : आचार्य महाश्रमण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 14 नवम्बर। तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण अपनी धवल वाहिनी के साथ लम्बे-लम्बे डग भरते हुए मेवाड़ की ओर अपने चरण बढ़ा रहे है। श्री मेवाड़ जैन श्वेताम्बर तेरापंथी कांफ्रेंस के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने बताया कि आचार्य महाश्रमण 14 नवम्बर को प्रातः राजेंद्र नगर से का विहार कर गड़ाधर प्राथमिक शाला पहुंचे। आचार्य श्री महाश्रमण अहमदाबाद चातुर्मास संपन्न करके राजस्थान की तरफ अपने चरण बढ़ा रहे हैं। 6 नवंबर से 5 दिसंबर तक की एक माह की यात्रा का सम्पूर्ण दायित्व मेवाड़ कांफ्रेंस द्वारा संपादित किया जा रहा है। मेवाड़ कांफ्रेंस के अनेक कार्यकर्ता और मेवाड़ के अलग अलग क्षेत्रों के श्रावक श्राविकाये आचार्य महाश्रमण और धवल वाहिनी की मार्ग सेवा और उपासना में लगे हुए है। आचार्य महाश्रमण के विहार के दौरान मार्ग में जगह- जगह ग्रामीणों, विद्यालय के बच्चों और श्रावक-श्राविकाओं द्वारा अभिवादन किया गया। आचार्य महाश्रमण ने ग्रामीणों, एनएचएआई के कर्मचारियों को नशामुक्ति की प्रेरणा दी। आचार्य महाश्रमण का अपनी धवल वाहिनी के साथ अगला पड़ाव 15 नवम्बर को शामला जी में होगा। आचार्य महाश्रमण ने उपस्थित जन समुदाय को अमृत देशना देते हुए फरमाया कि आज श्रमण भगवान महावीर स्वामी का दीक्षा कल्याणक दिवस है। भौतिकता के माहौल में संयम का क्रम भी चलते रहना चाहिए। इसके लिए भगवान महावीर का जीवन हमारे लिए आदर्श है। आज के युग में भौतिकता को पूरी तरह से छोडऩा तो कठिन है लेकिन धर्म रूपी कवच से पापकर्म से बचा जा सकता है। संयम अपनाने के लिए उम्र का कोई बंधन नहीं है। महापुरुषों और साधु संतों का जीवन व्यक्ति के जीवन निर्माण ने महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हमें ज्यादा से ज्यादा धर्म लाभ लेना चाहिए। मुनि अर्हमकुमार अंग्रेजी में अपनी सारगर्भित बात रखी। गड़ाधर हाइ स्कूल के प्रधानाचार्य भरत भाई, प्राथमिक शाला गडाधर की प्रधानाचार्या माया बेन, जस्सू भाई पटेल, राजेंद्र पांचाल का साहित्य समर्पण, उपरना और स्मृति चिन्ह से अभिनंदन सुरेश कच्छारा ,धीरेन्द्र मेहता, भीखम कोठारी, ललित छाजेड़,कमलेश मेहता, विनोद मांडोत , दीपक सिंघवी, मनीषा छाजेड़, सज्जन मेहता द्वारा किया गया। अंत में उपस्थित जन समुदाय को मंगल पाठ का श्रवण करवाया गया। मार्ग सेवा में किशनलाल डागलिया, राजकुमार फत्तावत, भूपेंद्र चोरडिया, कमलेश कच्छारा, दीपक सिंघवी, विनोद मांडोत,ललित छाजेड़, कमलेश मेहता,भीखम कोठारी,अशोक हिरण,वैभव चौधरी अक्षत पोरवाल आदि आचार्य महाश्रमण की मार्ग सेवा में सहभागी रहे।

पारस हेल्थ उदयपुर ने 1500 रोबोटिक घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी पूरी कर रचा इतिहास



24 न्यूज अपडेट

पारस हेल्थ उदयपुर ने आधुनिक चिकित्सा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय सफलता दर्ज करते हुए रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण की 1500 सर्जरियों का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि आर्थोपेडिक और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ आशीष सिंघल की विशेषज्ञता और समर्पण का परिणाम है। अस्पताल में आयोजित समारोह में डॉक्टरों, स्टाफ और प्रबंधन ने इस उपलब्धि का जश्न मनाया, जहां फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ प्रसून कुमार ने कहा कि यह केवल एक संख्या नहीं बल्कि उन्नत तकनीक और क्लीनिकल स्किल्स के मेल से मरीज देखभाल के स्तर में आए सुधार का प्रमाण है। इन सर्जरियों में उपयोग किया गया क्यूरिस रोबोटिक सिस्टम एक एडवांस्ड और यूएस एफडीए अप्रूव्ड इमेज गाइडेड तकनीक है, जो घुटना प्रत्यारोपण को अत्यधिक सटीकता और सुरक्षा के साथ पूरा करने में सक्षम है। इसकी मदद से जटिल सर्जरियां भी अधिक सहज, कम जोखिम वाली और कम दर्द वाली साबित हो रही हैं। डॉ आशीष सिंघल का कहना है कि रोबोटिक तकनीक ने मरीजों के नतीजों में उल्लेखनीय सुधार किया है। मरीज तेजी से रिकवर हो रहे हैं और कम समय में सामान्य जीवन में लौट पा रहे हैं। वहीं डॉ प्रसून कुमार ने बताया कि पारस हेल्थ उदयपुर अब दक्षिण राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र में एडवांस्ड हेल्थकेयर का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। अस्पताल गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, बैरिएट्रिक और जनरल सर्जरी में भी रोबोटिक सुविधाओं का विस्तार कर रहा है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाली सर्जरी अब ज्यादा मरीजों तक पहुंच रही है।

बाल दिवस पर चाचा नेहरू को बालिका कनेरा विधालय में छात्राओं ने याद किया



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा। राजकीय बालिका उच्च मा विधालय कनेरा के प्रांगण में संस्था प्रधानाचार्या सावित्रि गुप्ता कि अध्यक्षता मे पण्डित जवाहर लाल नेहरू की जन्म जयन्ती बाल दिवस के रूप में हर्षाल्लास पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम पण्डित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और कक्षा 11 की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की गई। बाल दिवस पर विधालय में कक्षा 1 से 11 तक अध्ययनरत विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने चाचा नेहरू के जीवन पर कई संस्मरण प्रस्तुत करते हुऐ उपलब्धियो को गिनाया गया। प्रधानाचार्या गुप्ता ने अपने उद्बोदन में बालकों के समक्ष उनकी कई विशेषताओं का गुणानुवाद किया जो हर एक के लिए अनुकरणीय हे। अपने विचारां को प्रस्तुत करते हुए पण्डित नेहरू के द्वारा आयोजित पंचशील के सिद्धान्तो की जानकारी प्रस्तुत की जो आज भी सयुक्त राष्ट्र संघ में मान्य है।एक चित्रकला , खेलकुद, जलेबी , उची कुद आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई । जिसमें सबसे अधिक छात्राओं ने जलेबी प्रतियोगिता में भाग लिया नन्हे-मुन्नी बालिकाओं ने बडे उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय , तृतीय विजेता को व भाग लेने वालो को पुरस्कृत किया गया अंत में पण्डित नेहरू को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए।

अतिक्रमण के खिलाफ निगम की लगातार हो रही कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा हैं। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देश पर लगातार कार्यवाही जारी है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। सोमवार से लगातार शहर में अवैध अतिक्रमण हटाया जा रहा है। देहली गेट से देवाली तक हुई कार्रवाई। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि देहली गेट से लेकर देवाली तक अतिक्रमण के खिलाफ निगम पुलिस निरीक्षक मांगीलाल डांगी के नेतृत्व में कार्यवाही को अंजाम दिया गया। शुक्रवार को कार्यवाही में निगम अतिक्रमण निरोधक दस्ते 5 लोहे के केबिन, 3 ठेला गाड़ी जब्त किए गए। इसी के साथ इसी क्षेत्र में 15 दुकानों के आगे 10 फीट से ज्यादा किए गए पक्के एवं कच्चे अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने स्पष्ट किया है कि अतिक्रमण को लेकर नगर निगम द्वारा शिथिलता नहीं बरती जाएगी। शहर वासी अपने घरों के बाहर किसी भी तरह से अतिक्रमण नहीं होने दे, साथ ही यदि कहीं कबाड़ वस्तु या गाड़ी, टेंपो पड़े हुए हैं तो नगर निगम द्वारा उसे जप्त किया जाएगा।

हैप्पी पैच पार्क के उद्घाटन के साथ पाटनी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया बाल दिवस समारोह



24 न्यूज अपडेट

निंबाहेड़ा/वंडर सीमेंट के पाटनी पब्लिक स्कूल, निम्बाहेड़ा में बाल दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के नवनिर्मित मनोरंजन पार्क "हैप्पी पैच" का उद्घाटन वंडर सीमेंट निम्बाहेड़ा के यूनिट हेड एवं स्कूल मैनेजर नितिन जैन के मुख्य आतिथ्य एवं वंडर यूफोरिया क्लब की अध्यक्षा श्रीमती अरुणा जी जैन के विशिष्ठ आतिथ्य में किया गया। यूनिट हेड नितिन जैन ने अपने संबोधन में सभी बच्चो को बाल दिवस की शुभकामना देते हुए विधार्थियो हेतु आउट डोर खेलकूद गतिविधियों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया साथ ही सभी शिक्षकों से आह्वान किया की छोटी कक्षाओं के विधार्थियो के लिए सम्पूर्ण रूप से अलग से खेल मैदान की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है जिसमे बच्चे बिना किसी रुकावट के खुले वातावरण में ज्यादा सक्रिय एवं आत्मविश्वास के साथ अपने कौशल का विकास कर सकते है। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमे आर्ट एन्ड क्राफ्ट का प्रदर्शन, संगीत गायन, नृत्य, भाषण, संकल्प पाठ आदि प्रमुख रहे विधार्थियो ने इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया शिक्षकों एवं अतिथियों द्वारा बच्चो की सराहना की गयी। सम्पूर्ण कार्यक्रम विद्यार्थियों की ऊर्जा से भरी प्रस्तुतियों के साथ बेहद सुन्दर और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कृषि विज्ञान केन्द्रों को अनुसंधान व वाणिज्य के नए आयाम अपनाने होंगे : डॉ रंजय कुमार सिंह



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक (कृषि प्रसार) डॉ. रंजय कुमार सिंह ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) सरकार और किसानों के बीच मजबूत कड़ी के रूप में कार्य कर रहे हैं तथा वर्ष 2047 के विकसित भारत लक्ष्य की दिशा में उन्हें अनुसंधान और वाणिज्य—दोनों आयामों में अपनी उपस्थिति को और सशक्त करना होगा। वे यहां प्रसार शिक्षा निदेशालय के प्रज्ञा सभागार में राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के 67 केवीके की तीन दिवसीय समीक्षा कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। आईसीएआर—कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जोधपुर (अटारी जोन—2) द्वारा आयोजित कार्यशाला में देशभर से 150 से अधिक कृषि वैज्ञानिक, अध्यक्ष और वरिष्ठ वैज्ञानिक शामिल हुए। डॉ. सिंह ने फल, फूल, दुग्ध और मत्स्य जैसे स्थानीय संसाधनों पर आधारित वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने को किसानों की आय वृद्धि का प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने दस्तावेजीकरण की चुनौती पर जोर देते हुए कहा कि केवीके को अपने कार्यों को प्रमाणिक रूप से दर्ज करना चाहिए ताकि नीतिगत निर्णय वैज्ञानिक आधार पर लिए जा सकें। उन्होंने यह भी पूछा कि पिछले पाँच वर्षों में प्रत्येक केवीके ने कौन सी ऐसी उपलब्धि दर्ज की है, जो देशभर के अन्य केन्द्रों के लिए प्रेरक मॉडल बन सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमपीयूएटी कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह ने कहा कि बीज किस्म बदलने की पाँच वर्षीय अपेक्षाएँ व्यावहारिक नहीं हैं, क्योंकि एक नई किस्म विकसित होने में प्रायः दशक लग जाता है। उन्होंने आउटपुट और आउटकम आधारित कार्यप्रणाली को सफलता की कुंजी बताया तथा कृषि क्षेत्र में युवाओं की बढ़ती भागीदारी को सकारात्मक संकेत कहा। उन्होंने कृषि ड्रोन, प्राकृतिक खेती, फसल अवशेष प्रबंधन तथा राष्ट्रीय व क्षेत्रीय अभियानों में केवीके की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सुझाव दिया कि अटारी स्तर पर सर्वश्रेष्ठ केवीके और श्रेष्ठ प्रकाशनों को पुरस्कार दिए जाने चाहिए, जिससे नवाचार को प्रोत्साहन मिले। तकनीकी सत्रों पर आधारित प्रतिवेदन डॉ. पी.पी. रोहिल्ला, डॉ. बी.एल. जांगिड़, डॉ. एस.सी. यादव, डॉ. मीना सिवाच, डॉ. सी.एम. यादव, डॉ. गंगा देवी, डॉ. एम.एल. चांदावल, डॉ. संदीप और डॉ. पंकज कुमार सारस्वत ने प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में डॉ. एम.एम. अधिकारी, डॉ. आर.एल. सोनी, डॉ. जे.पी. मिश्रा तथा डॉ. राजीव बैराठी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। यह जानकारी डॉ जीएल मीना जनसंपर्क अधिकारी ने दी।

लेन इम्प्लीमेंटेशन सिस्टम के तहत जागरूकता अभियान



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा, राजस्थान सरकार द्वारा एनएच 48 पर चलाये जा रहे लेन इम्प्लीमेंटेशन सिस्टम के तहत महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के नेतृत्व मे अंजना सुखवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं राजीव राहर पुलिस उप अधीक्षक ऋषभदेव , दलपत सिंह राठौड थानाधिकारी पुलिस थाना खेरवाड़ा एवं पुलिस जाप्ता द्वारा खेरवाड़ा सर्किल के खांडी ओबरी टोल नाके के पास एनएचएआई टोल टीम के साथ जागरूकता अभियान शुरू किया। राज्य सरकार एवं पुलिस विभाग की ओर से एनएच 48 पर आमजन को ट्रैफिक अनुशासन सुनिश्चित करने हेतु निर्देश कर हरी झंडी दिखाई।

अभियान के मुख्य बिंदु के तहत भारी वाहन केवल तीसरी लेन में चलेंगे, मध्यम वे दूसरी लेन में ओवरटेक के लिए प्रविष्ट होंगे तथा हल्के वाहन व आपात वाहन पहली लेन में रहेंगे।

इसके तहत चालकों एवं ट्रक ऑपरेटरों को लेन-अनुशासन के प्रति प्रशिक्षित किया जा रहा है; साथ ही आईटीएमएस कैमरों व अन्य मॉनिटरिंग तकनीकों द्वारा उल्लंघन की निगरानी की जाएगी। उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना व चालान की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी अभियान का लक्ष्य के बारे में बताया गया कि इस व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाना, ट्रैफिक जाम कम करना व लेन-उल्लंघन से होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाना।

कैनरा बैंक ऑफ़िसर्स एसोसिएशन का 20वां राष्ट्रीय त्रैवार्षिक सम्मेलन विशाखापट्टनम में संपन्न



24 न्यूज अपडेट

कैनरा बैंक ऑफ़िसर्स एसोसिएशन (CBOA) का 20वां राष्ट्रीय त्रैवार्षिक सम्मेलन 8 से 10 नवम्बर 2025 तक विशाखापट्टनम में भव्य रूप से संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन कैनरा बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के. सत्यनारायण राजू ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उद्घाटन समारोह में राजू ने एसोसिएशन की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि महासचिव के. रविकुमार के नेतृत्व में बैंक अधिकारियों के प्रयासों ने बैंक की प्रगति को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। इस अवसर पर "द मास्टर स्टिच" नामक पुस्तक का विमोचन राजू की माता रामा सीता के हाथों किया गया। महासचिव रविकुमार ने कहा कि अधिकारियों की एकता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। सम्मेलन में देशभर से आए प्रतिनिधियों ने बैंक अधिकारियों के कल्याण, बैंकिंग उद्योग की चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की तथा 100 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया। अंतिम दिवस पर नई केंद्रीय कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया, जिसमें राजीव निगम अध्यक्ष, के. रविकुमार महासचिव, जैकब चेयरमैन और श्री रामप्रसाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए। सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए रिसेप्शन कमेटी और विशाखापट्टनम प्रशासन की सराहना की गई। CBOA ने सार्वजनिक क्षेत्रीय बैंकों के निजीकरण के प्रयासों का कड़ा विरोध दोहराया और बैंक अधिकारियों के हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

उदयपुर में 'ग्रीन हार्टफुलनेस रन' का आयोजन 16 नवम्बर को



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 14 नवम्बर। हार्टफुलनेस संस्था की ओर से रविवार, 16 नवम्बर को प्रातः 7:30 बजे चित्रकूट नगर ए-Block में ग्रीन हार्टफुलनेस रन का आयोजन किया जाएगा। हार्टफुलनेस ध्यान केन्द्र के समन्वयक डॉ. राकेश दशोरा ने बताया कि रन का फ्लैग—ऑफ पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली और आध्यात्मिकता का संदेश देने के उद्देश्य से किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता से संबंधित संदेश भी साझा किए जाएंगे। इवेंट में बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी, फिटनेस एक्सपर्ट्स और युवा भाग लेंगे। उदयपुर ग्रीन हार्टफुलनेस रन के युवा समन्वयक दीपक मेनारिया ने बताया कि प्रतिभागियों को टी-शर्ट, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। पंजीकरण GREENHEARTFULNESSRUN.COM पर जारी है। उल्लेखनीय है कि यह दौड़ पूरे भारत में 119 स्थानों तथा राजस्थान में 51 स्थानों पर एक साथ आयोजित की जा रही है।

दो किलोमीटर की यह ग्रीन हार्टफुलनेस रन चित्रकूट नगर स्थित निर्माणाधीन बहुमंजिला हार्टफुलनेस ध्यान केन्द्र से प्रातः 7:30 बजे प्रारंभ होकर चित्रकूट नगर—भुवना क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से गुजरेगी।

प्रवक्ता डॉ. सुबोध शर्मा ने बताया कि फॉरेस्ट बाय हार्टफुलनेस द्वारा 16 नवम्बर 2025, रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, अधिक से अधिक पौधारोपण, प्रदूषण स्तर में कमी तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। यह मैराथन प्रतिवर्ष इसी उद्देश्य से आयोजित की जाती है।

हार्टफुलनेस ध्यान केन्द्र की उदयपुर जोन समन्वयक श्रीमती मधु मेहता ने बताया कि इस पहल के पिछले तीन संस्करणों में देशभर के लाखों प्रतिभागियों ने सहभागिता की है। इन अभियानों के माध्यम से 22,000 से अधिक पेड़ लगाए गए तथा उनके संरक्षण में समुदाय एवं जनता को जोड़ने में सफलता मिली है। भारत सरकार, विभिन्न राज्यों के राजनेताओं व अधिकारियों के सहयोग से यह आयोजन एक महत्वपूर्ण जनअभियान बन चुका है।

ग्रीन हार्टफुलनेस रन को मुख्य अतिथि एवं हार्टफुलनेस के वरिष्ठ अभ्यासी डॉ. पुनीत शर्मा, संयुक्त निदेशक (आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, उदयपुर) द्वारा फ्लैग—ऑफ किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक रूप से पौधारोपण भी किया जाएगा।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।